हिंदी दैनिक

# उदय समाचार

एक नई सोच

वर्ष : 01 अंक : 224 कानपुर, गुरुवार 11 अगस्त 2022 पृष्ठ :4 मूल्य : 2 रुपये

# भारतीय सेना की गंगा टास्क फोर्स ने रोपे पांच हजार पौधे

## केजरीवाल ने लगाई वादों की झड़ी, सरकार बनने पर मुफ्त बिजली और 3000 रुपये बेरोजगारी भत्ता




आम आदमी पार्टी ने गुजरात चुनाव के मद्देनजर वादों का झड़ी लगा दी है। बुधवार को दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने गुजरात में एक जनसभा में कांग्रेस और भाजपा को निशाने पर लेते हुए कहा कि ये दोनों दल एक दूसरे से लड़ाई में उलझे रहते हैं, गुजरात का विकास आम आदमी पार्टी करेगी। इसके साथ ही उन्होंने मुफ्त बिजली सहित कई वादों की झड़ी लगा दी। केजरीवाल ने कहा, हम सत्ता में आएंगे तो वो सब करेंगे जो दिल्ली में किया और पंजाब में कर रहे हैं। लेकिन भाजपा और कांग्रेस वाले ये नहीं करते। वो आते हैं, एक दूसरे को गालियां देते हैं और चले जाते हैं। पहली बार लोगों को एक अच्छा विकल्प मिला है। उन्होंने कहा, हमने पहली गारंटी दी कि गुजरात में हमारी सरकार बनने के तीन महीने के अंदर बिजली मुफ्त करेंगे। आपके बकाया भी माफ कर देंगे और 24 घंटे बिजली देंगे। हमने दूसरी गारंटी दी कि हमारी सरकार बनने पर हम सभी के लिए पांच साल में रोजगार का इंतजाम करेंगे। रोजगार मिलने तक युवाओं को 3000 रुपये बेरोजगारी भत्ता देंगे। हम 10 लाख सरकार नौकरियों का इंतजाम करेंगे। हम छापे बंद करेंगे और व्यापारियों को खुलेआम व्यापार करने की छूट देंगे। हमारी सरकार बनने के बाद 18 साल से ऊपर की हर महिला को हजार रुपए महीना दिया जाएगा ।

## पीएम मोदी ने पानीपत में 2जी इथेनॉल प्लांट का किया उद्घाटन, बोले- शॉर्टकट अपनाने से शॉर्ट सर्किट अवश्य होता है



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा के पानीपत में 900 करोड़ रुपये की लागत से बने दूसरी पीढ़ी के एथनॉल प्लांट का उद्घाटन किया और इसे राष्ट्र को समर्पित किया. पीएम मोदी ने बताया कि पानीपत के एथनॉल संयंत्र से किसानों को लाभ होगा और प्रदूषण में कमी आएगी. उन्होंने कहा कि पानीपत में 2जी इथेनॉल संयंत्र देश में जैव ईंधन के उत्पादन और उपयोग को बढ़ावा देने में मदद करेगा. पीएम ने देश की पिछली यूपीए की सरकार पर तंज कसा और कहा कि शॉर्ट–कट अपनाने से शॉर्ट–सर्किट अवश्य होता है । उन्होंने कहा कि जिन लोगों में राजनीतिक स्वार्थ के लिए शॉर्ट–कट अपनाकर, समस्याओं को टाल देने की प्रवृत्ति होती है, वो कभी समस्याओं का स्थाई समाधान नहीं कर सकते. शॉर्ट–कट अपनाने वालों को कुछ समय के लिए वाहवाही भले मिल जाए, राजनीतिक फायदा भले हो जाए, लेकिन समस्या कम नहीं होती. शॉर्ट–कट पर चलने के बजाय हमारी सरकार समस्याओं के स्थाई समाधान में जुटी है. पराली की दिक्कतों के बारे में भी बरसों से कितना कुछ कहा गया, लेकिन शॉर्ट–कट वाले इसका समाधान नहीं दे पाए । पीएम ने कहा कि 2014 तक देश में सिर्फ 14 करोड़ के आसपास एलपीजी गैस कनेक्शन थे. देश की आधी आबादी को, माताओं–बहनों को रसोई के धुएं में छोड़ दिया गया था. बहनों–बेटियों के खराब स्वास्थ्य और असुविधा से जो नुकसान होता है, उसकी पहले परवाह ही नहीं की गई. मुझे खुशी है कि आज उज्जवला योजना से ही 9 करोड़ से ज्यादा गैस कनेक्शन गरीब बहनों को दिए जा चुके हैं. अब हम देश में करीब–करीब शत–प्रतिशत एलपीजी कवरेज तक पहुंच चुके हैं. 14 करोड़ से बढ़कर आज देश में करीब 31 करोड़ गैस कनेक्शन हैं । अगर उनकी राजनीति आत्मकेंद्रित है तो कोई भी आकर मुफ्त पेट्रोल–डीजल देने की घोषणा कर सकता है. इस तरह के कदम हमारे बच्चों से अधिकार छीन लेंगे और देश को आत्मनिर्भर बनने से रोकेंगे. इससे देश के करदाताओं पर बोझ बढ़ेगा.लेकिन, ये लोग इस बात से अनजान हैं कि वे कितना भी काला जादू करें और अंधविश्वासों में विश्वास करें, लोग कभी भी उन पर भरोसा नहीं करेंगे । निराशा और नकारात्मकता में डूबे कुछ लोग काला जादू का सहारा ले रहे हैं. हमने 5 अगस्त को देखा कि काला जादू फैलाने की कोशिश की जा रही थी. ये लोग सोचते हैं कि काले कपड़े पहनने से उनकी निराशा का दौर खत्म हो जाएगा ।अब पानीपत के जैविक ईंधन प्लांट से पराली का बिना जलाए भी निपटारा हो पाएगा और इसके एक नहीं, दो नहीं बल्कि कई फायदे एक साथ होंगे. पहला फायदा तो ये होगा कि पराली जलाने से धरती मां को जो पीड़ा होती थी, उस पीड़ा से धरती मां को मुक्ति मिलेगी । दूसरा फायदा ये होगा कि पराली काटने से लेकर उसके निस्तारण के लिए जो नई व्यवस्था बन रही है, नई मशीनें आ रही हैं, ट्रांसपोर्टेशन के लिए नई सुविधा बन रही है, जो ये नए जैविक ईंधन प्लांट लग रहे हैं, इन सबसे गांवों में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे । प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रकृति की पूजा करने वाले हमारे देश में बायोफ्यूल या जैविक ईंधन, प्रकृति की रक्षा का ही एक पर्याय है. हमारे किसान भाई–बहन तो इसे और अच्छी तरह समझते हैं. हमारे लिए जैव ईंधन यानि हरियाली लाने वाला ईंधन, पर्यावरण बचाने वाला ईंधन । पेट्रोल में इथेनॉल मिलाने से बीते 7–8 साल में देश के करीब 50 हजार करोड़ रुपये बाहर विदेश जाने से बचे हैं और करीब–करीब इतने ही हजार करोड़ रुपये इथेनॉल ब्लेडिंग की वजह से हमारे देश के किसानों के पास गए हैं ।

## यूपी को सीएम योगी ने दिया 150 नई बसों का तोहफा, 60 से अधिक उम्र की महिलाओं को मिलेगी मुफ्त बस सेवा

सीएम योगी आदित्यनाथ ने परिवहन निगम की 150 नई बसों को हरी झंडी दिखाई । उन्होंने बुधवार एक कार्यक्रम में कहा कि आज जैसे हम रक्षाबंधन पर 48 घंटे तक बहन–बेटियों के लिए फ्री में बस सेवा दे रहे हैं, वैसे ही बहुत जल्द 60 वर्ष से ऊपर की हर महिलाओं को फ्री बस सेवा दी जाएगी । सीएम योगी ने बुधवार को अपने सरकारी आवास पर परिवहन निगम के कार्यक्रम के दौरान कहा, श्मुझे बताते हुए प्रसन्नता है कि जब यह प्रस्ताव मेरे पास आया तो मैंने कहा कि रक्षाबंधन से अच्छा दिन क्या हो सकता है. हर जिले को दो–दो बसें दीजिए. आज मध्य रात्रि से हम बहन और बेटियों को 48 घंटे तक फ्री में बस सुविधा उपलब्ध कराने जा रहे हैं. तब तक हर जिले में दो–दो बसें पहुंच चुकी होंगी । उन्होंने परिवहन निगम की ड्राइवर ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश की आवश्यकता के साथ वैश्विक परिदृष्य में कहां, क्या जरूरत है उसके अनुसार हमें अपने इंस्टीट्यूट को तैयार करना होगा. अपनी वर्कशाप को आईटीआई और पॉलिटेक्निक के साथ जोड़कर अधिक से अधिक अभ्यास कराने का प्रयास करना होगा. उन्होंने कहा, श प्रदेश में हमारे लिए सबसे बड़ी चुनौती सड़क दुर्घटना से होने वाली मौतें हैं. कोरोना जैसी महामारी ने जिसने दुनिया को पस्त कर दिया, उस दौरान भी हमें मौतों को न्यूनतम रखने में सफलता मिली, लेकिन सड़क दुर्घटना के पीछे क्या कारण हैं, इसे हमने ढूंढने और उसके तह में जाने की आवश्यकता है। अगर हम इसमें सफल हो पाएंगे, तो निश्चित ही कहीं न कहीं इसे कंट्रोल करने में मदद मिलेगी । सीएम योगी इंटर–स्टेट कनेक्टिविटी पर कहा कि उनकी सरकार ने पिछले कार्यकाल के दौरान तमाम राज्यों से एमओयू किए थे ताकि हमारी बसें बेधड़क दूसरे राज्यों में जा सकें. जो बसें जर्जर हैं, अपनी आयु पूरी कर चुकी हैं, उन्हें बेड़े से हटाकर फेज वाइज क्रय किए जाने चाहिए, ताकि कंडम हो चुकी बसों को बेड़े से बाहर करके नई बसों को शामिल कर सकें. सीएम योगी आदित्यनाथ ने गांवों को जोड़ने पर भी विशेष जोर दिए जाने की बात की. उन्होंने कहा कि परिवहन निगम की बसें या अनुबंधित बसें प्रदेश के करीब एक लाख 10 हजार से अधिक राजस्व गांवों को जोड़ने के सबसे अच्छे माध्यम हैं । वहीं यूपी में बुधवार सड़क परिवहन के क्षेत्र में कई लोकार्पण और शिलान्यास किए गए.यूपी के झांसी, बरेली और अलीगढ़ में ड्राइविंग ट्रेनिंग एंड टेस्टिंग इंस्टिट्यूट का लोकार्पण किया गया है. बरेली में ही ऑटोमेटेड ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रेक का लोकार्पण किया गया. इसके साथ ही 150 नई बीएस–6 डीजल बसों का लोकार्पण किया गया. इसके अलावा अलीगंज, गाजीपुर, मथुरा, मुरादाबाद, बाराबंकी और कानपुर में बस अड्डों का लोकार्पण किया गया. जबकि बरेली और श्रावस्ती में बस अड्डों का शिलान्यास किया गया है ।



## कर्नाटक के गृहमंत्री बोले- अवैध प्रवासी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा, देश से बाहर करने की जरूरत




कर्नाटक के गृहमंत्री अरागा ज्ञानेंद्र ने बुधवार को कहा कि वीजा अवधि से अधिक समय देश में रहने वाले अवैध प्रवासियों को बाहर देश से बाहर करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि ये राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा पैदा कर सकते हैं। गृहमंत्रालय के कार्यालय की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, मंत्री ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान यह बयान दिया। उन्होंने कहा कि वीजा अवधि खत्म होने के बाद भी देश में रह रहे अवैध प्रवासियों को बाहर करने की आवश्यकता है क्योंकि वे राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में शामिल होकर राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा पैदा कर सकते हैं। बयान में कहा गया है कि कर्नाटक के पुलिस महानिदेशक प्रवीण सूद ने विदेशियों के लिए मौजूदा डिटेंशन सेंटर की क्षमता को तुरंत बढ़ाने की जरूरत से मंत्री को अवगत कराया। सूद ने यह भी कहा कि बांग्लादेशी समेत विदेशी नागरिकों को जेल में नहीं रखा जा सकता है लेकिन उन्हें नियमानुसार डिटेंशन सेंटर में रखा जाना चाहिए।

उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि बेंगलुरु के बाहरी इलाके नेलामंगला में मौजूदा डिटेंशन सेंटर छोटा है और इसे विस्तारित करने की आवश्यकता है। इसका जवाब देते हुए ज्ञानेंद्र ने समाज कल्याण विभाग से परियोजना को तुरंत मंजूरी देने और डिटेंशन सेंटर के विस्तार के लिए धनराशि जारी करने का आग्रह किया। बैठक में मौजूद कर्नाटक समाज कल्याण मंत्री कोटा श्रीनिवास पुजारी ने कहा कि उनका विभाग, गृह विभाग द्वारा भेजे गए प्रस्ताव की प्राथमिकता के आधार पर समीक्षा करेगा।

## भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री बने सुनील बंसल, धर्मपाल सिंह को मिली यूपी महामंत्री संगठन की जिम्मेदारी



यूपी में भाजपा को एक के बाद एक ऐतिहासिक सफलताएं दिलाने वाले प्रदेश महामंत्री संगठन सुनील बंसल का प्रमोशन कर उन्हें राष्ट्रीय महामंत्री बनाया गया है। वहीं, झारखंड में भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल को उत्तर प्रदेश में भाजपा का प्रदेश महामंत्री संगठन नियुक्त किया गया है। जबकि प्रदेश सह संगठन मंत्री उत्तर प्रदेश प्रदेश कर्मवीर को प्रदेश महामंत्री संगठन झारखंड नियुक्त किया गया है। सुनील बंसल को गृहमंत्री अमित शाह का करीबी माना जाता है। यूपी में रहने के दौरान उन्होंने 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को 73 सीटें (अपना दल की दो मिलाकर) जिताकर इतिहास रच दिया था। इसके बाद यूपी विधानसभा चुनाव 2017 में करीब 14 वर्षों बाद प्रदेश की सत्ता में भाजपा की वापसी हुई। 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा–बसपा गठबंधन के बावजूद वह यूपी में भाजपा को 65 सीटें जिताने में कामयाब रहे। वहीं, यूपी विधानसभा चुनाव 2022 में भाजपा ने 35 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ते हुए दोबारा सत्ता में वापसी की। उनकी पहचान एक कुशल रणनीतिकार की है।

## जस्टिस यूयू ललित देश के 49वें मुख्य न्यायाधीश नियुक्त, कई अहम फैसलों का रह चुके हैं हिस्सा

केंद्र सरकार ने बुधवार को जस्टिस उदय उमेश ललित को भारत का 49वां मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया है। इस संबंध में नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट के मौजूदा चीफ जस्टिस एनवी रमना 26 अगस्त को रिटायर हो रहे हैं। जस्टिस ललित वकील से सीधे सुप्रीम कोर्ट में जज बने हैं। जस्टिस ललित के बाद अगले वरिष्ठतम जज जस्टिस धनंजय यशवंत चंद्रचूड़ देश के अगले मुख्य न्यायाधीश होंगे। वह देश के पूर्व मुख्य न्यायाधीश वाईवी चंद्रचूड़ के पुत्र हैं। इस महीने की शुरुआत में अपने उत्तराधिकारी की सिफारिश करने के लिए केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री किरेन रिजिजू ने देश के मुख्य न्यायाधीश एनवी रमना को पत्र लिखा था। जिसके बाद चीफ जस्टिस ने अपने उत्तराधिकारी के रूप में जस्टिस उदय उमेश ललित के नाम की सिफारिश केंद्र सरकार को भेज दी थी। जस्टिस ललित 27 अगस्त को शपथ लेंगे। देश के होने वाले नए मुख्य न्यायाधीश का कार्यकाल 8 नवंबर तक का होगा। जस्टिस ललित के बारे में आपको बता दें कि यह देश के ऐसे दूसरे चीफ जस्टिस होंगे जो सुप्रीम का जज बनने से पहले किसी हाई कोर्ट के जज नहीं थे। वह वकील से सीधे इस पद पर पहुंचे थे। इससे पहले जस्टिस एसएम सीकर के नाम यह उपलब्धि थी जो 1971 में देश के 13वें चीफ जस्टिस थे। जस्टिस ललित देश के नामी वकीलों में से एक रहे हैं और उन्हें 13 अगस्त, 2014 को सुप्रीम कोर्ट के जज के तौर पर नियुक्ति मिली थी। तब से अब तक वह सुप्रीम कोर्ट के कई अहम फैसलों का हिस्सा रहे हैं। केरल के पद्मनाभ स्वामी मंदिर के रखरखाव से जुड़े मामले में भी उन्होंने फैसला सुनाया था। यही नहीं पॉक्सो ऐक्ट को लेकर भी अहम फैसला सुनाने वाली बेंच के भी जस्टिस यूयू ललित सदस्य थे। इस फैसले में कहा गया था कि यदि कोई गलत मंशा से बच्चे के प्राइवेट पार्ट्स को छूता है तो फिर उसे भी पॉक्सो ऐक्ट के सेक्शन 7 के तहत यौन उत्पीड़न माना जाएगा।



# सम्पादकीय

## ताइवान पर तकरार के मायने

चीन और ताइवान का मसला कई दशक पुराना है. वर्ष 1949 में माओ त्से–तुंग से हार कर च्यांग काई शेक ने ताइवान में अपनी सत्ता स्थापित की थी. चीन का इस क्षेत्र पर हमेशा से दावा रहा है, पर ताइवान को लंबे समय तक अमेरिकन समेत पश्चिम का समर्थन रहा. सत्तर के दशक के शुरू में अमेरिकी राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन के प्रयासों से चीन को अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ जोड़ा गया और अमेरिकन व चीन के बीच संबंधों का नया दौर प्रारंभ हुआ. तब अमेरिका ने श्वन चाइना पॉलिसीश को अपनाया, लेकिन 1979 में अमेरिकी कांग्रेस ने एक प्रस्ताव भी पारित किया, जिसे अमेरिका–ताइवान संबंध समझौता कहा जाता है. इसके तहत यह प्रावधान है कि ताइवान की सुरक्षा के लिए अमेरिका हर तरह से सहयोग मुहैया करायेगा, पर यह स्पष्ट नहीं था कि आवश्यकता पड़ने पर ताइवान के लिए अमेरिका चीन से लड़ने आयेगा.

तब ऐसी स्थिति की आशा भी नहीं थी, क्योंकि चीन कमजोर था, लेकिन चीन पिछले कुछ समय से अमेरिका की वैश्विक प्रधानता को चुनौती देने का प्रयास कर रहा है. इसे अमेरिका ने गंभीरता से लिया है और उसका पूरा ध्यान हिंद–प्रशांत क्षेत्र पर केंद्रित हो रहा है, ताकि चीन के बढ़ते प्रभाव को रोका जा सके तथा उसके साथ प्रतिस्पर्द्धा की जा सके.

इन परिस्थितियों के बावजूद अमेरिका किसी तरह के संघर्ष के पक्ष में नहीं है. चीन भी ऐसा नहीं चाहता है. ताइवान का मुद्दा चीन के लिए श्रेड लाइनश है और इस पर किसी तरह का समझौता नहीं कर सकता है. इसीलिए जब भी ताइवान में अमेरिका से कोई उच्चस्तरीय यात्रा होती है, तो चीन की प्रतिक्रिया आवेगपूर्ण होती है. जब से रूस–यूक्रेन युद्ध शुरू हुआ है, अमेरिका की यह कोशिश रही है कि चीन रूस को हथियारों की आपूर्ति न कर सके. चीन भी कहता रहा है कि वह रूस को सैन्य सहयोग नहीं दे रहा है.

इस तरह अमेरिकन और चीन के बीच इस मामले पर एक तरह की सहमति चली आ रही है. ऐसे में अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी की यात्रा ने वर्तमान समीकरण में हलचल पैदा कर दी है. वे हमेशा से चीन नीतियों का विरोध करती रही हैं. उन्होंने थियानमन स्कवेयर आंदोलन को भी समर्थन दिया था. वे पहले भी ताइवान की यात्रा कर चुकी हैं, लेकिन उन्होंने खुले तौर पर कभी भी ताइवान की स्वतंत्रता की मांग नहीं की है, लेकिन इस समय चीन बेहद नाराज है, क्योंकि उसे लगता है कि उसको चारों ओर से घेरने की कोशिश हो रही है. चीन अभी दुनिया की दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्था है, इसलिए वह अमेरिका से बराबरी के साथ बातचीत करना चाहता है. अमेरिका भी अभी यह नहीं चाहता था कि स्थिति बिगड़े, क्योंकि जल्दी ही जी–20 समेत कुछ अहम बैठकें होनी हैं. जब पेलोसी ने अपने एशिया दौरे की घोषणा की थी और उसमें ताइवान जाने की बात थी, तो मेरा मानना है कि उसमें बाइडेन प्रशासन से विचार–विमर्श नहीं किया गया था.

बाइडेन प्रशासन की ओर से जो बयान आये, उनमें कहा गया कि पेलोसी हाउस स्पीकर हैं और वे कहीं भी जा सकती हैं, उसमें प्रशासन कुछ नहीं कर सकता है. अमेरिकी सत्ता में हाउस स्पीकर का पद राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के बाद तीसरे स्थान पर आता है. चीन ने पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि उसे यह यात्रा स्वीकार्य नहीं है. इसमें पेलोसी के चीन विरोध का इतिहास भी एक कारक था.

कुछ दिन पहले अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की लंबी टेलीफोन वार्ता हुई थी, तो उसमें भी इस दौरे पर बातचीत हुई थी और राष्ट्रपति शी ने तो यहां तक कह दिया था कि आग से खेलना ठीक नहीं होगा. उल्लेखनीय है कि जब चार देशों का पेलोसी का कार्यक्रम प्रकाशित हुआ, उसमें ताइवान का नाम नहीं था, लेकिन जब कोई महाशक्ति ऐसी घोषणा कर देता है, तो उसका पीछे हटना बहुत मुश्किल होता है.

अब सवाल यह है कि क्या पेलोसी की यात्रा से विश्व शांति, स्थिरता और सुरक्षा के लिए कोई लाभ हुआ, तो इसका उत्तर नकारात्मक है. यह तो एक नया मोर्चा खोलने की तैयारी जैसी बात है. एक तो ताइवान पर चीन का पुराना दावा है और उस पर वह सैन्य कार्रवाई कर कब्जा भी कर सकारात्मक है, यह उसके संविधान में लिखा हुआ है, पर वह बातचीत और आक्रामक बयान देकर फिलहाल काम चलाना चाहता है.

मुझे लगता है कि पेलोसी का दौरा अमेरिका की घरेलू राजनीति की विवशताओं और वैश्विक राजनीतिक स्थिति को ठीक से नहीं समझने का परिणाम है. चीन ने सैन्य अभ्यास की घोषणा भी यह सोच कर की थी कि शायद अमेरिका इस दौरे पर पुनर्विचार करेगा. बहरहाल, यह अभ्यास ताइवान को एक सबक सिखाने के इरादे से भी प्रेरित है. जापान के एक निंदा प्रस्ताव पर हस्ताक्षर करने के कारण चीन ने उसके विदेश मंत्री के साथ होने वाली बैठक रद्द कर दी है. इसके साथ ही ताइवान पर कुछ आर्थिक प्रतिबंध भी लगाये गये हैं. अगर रविवार तक सैन्य अभ्यास समाप्त हो जाता, तो यह माना जाता कि मामला नियंत्रण में आ रहा है, पर चीन ने इसकी अवधि बढ़ा दी है. यह आशंका बढ़ गयी है कि कुछ भी हो सकता है. रूस–यूक्रेन युद्ध का असर हम देख रहे हैं और अगर एक और मोर्चा खुल जाता है, तो यह बेहद बुरा होगा.जहां तक भारत का सवाल है, तो भारत समेत क्वाड के सदस्य देश चाहते हैं कि हिंद–प्रशांत क्षेत्र में स्वतंत्रता के साथ सामुद्रिक आवागमन सुनिश्चित हो और चीन या कोई और देश उसमें बाधा न उत्पन्न करे.

**उदय समाचार**

**दैनिक**

**स्वामी प्रकाशक व मुद्रक उदय कुशवाहा द्वारा हर्षिता प्रिंटर्स साकेत नगर कानपुर नगर (उ प्र) से छपवाकर कार्यालय - जवाहर नगर पूर्वी घाटमपुर कानपुर नगर से प्रकाशित।**

**संपादक**

**उदय कुशवाहा**

Title Code - UPHIN49938

**नोट- समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों की होगी । सभी विवादों का न्याय क्षेत्र कानपुर न्यायालय मान्य होगा ।**

# === बिहार का मुस्तकबिल ===



आखिरकार बिहार में भाजपा और जनता दल (एकी) का गठबंधन टूट गया। नीतीश कुमार ने अपने पद से इस्तीफा दिया और ऐलान कर दिया कि अब महागठबंधन की सरकार बनेगी। दोनों दलों के बीच मनमुटाव लंबे समय से चल रहा था। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विधानसभा अध्यक्ष से खिंचे–खिचे रहते थे। फिर केंद्र के कई फैसले भी उन्हें अपने सिद्धांतों के खिलाफ लगते थे। जातिवार जनगणना को लेकर तो उन्होंने केंद्र को खुली चुनौती दे डाली थी। ऐसे अनेक मौके पिछले कई महीनों में आए, जब नीतीश कुमार और केंद्र सरकार के बीच सैद्धांतिक मतभेद जाहिर होने लगे थे। ऐसे में लंबे समय से कयास लगाए जा रहे थे कि नीतीश कुमार कभी भी भाजपा का साथ छोड़ सकते हैं। उनका झुकाव भी राष्ट्रीय जनता दल की तरफ अधिक देखने को मिल रहा था। तेजस्वी यादव के प्रति उनका नरम रुख प्रकट होने लगा था। मगर जब जनता दल (एकी) के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष आरसीपी सिंह ने इस्तीफा देकर भाजपा का दामन थाम लिया तो परदे के पीछे चल रहा खेल सामने उभर कर आ गया। नीतीश कुमार ने केंद्र में होने वाले मंत्रिमंडल विस्तार में अपने सासंदों के हिस्सा न लेने की घोषणा कर दी। फिर बिहार में विधायकों की बैठक बुलाई गई और उसमें अलग होने का मन बना लिया गया। अब राजद, कांग्रेस और महागठबंधन के दूसरे कुछ दलों ने नीतीश कुमार को समर्थन दे दिया है। नीतीश कुमार नए गठबंधन के नेता चुन लिए गए हैं और उन्होंने तेजस्वी यादव से कहा कि वे पांच साल पहले की बातें भूल जाएं और अब नए सिरे से शासन चलाने पर ध्यान दें। इस तरह नीतीश कुमार को पहले से अधिक बहुमत मिल गया है और उम्मीद जताई जा रही है कि नए गठबंधन की सरकार अपना कार्यकाल पूरा करेगी। पर नीतीश कुमार से यह सवाल तो पूछा ही जाता रहेगा कि पिछले चुनाव में जब उन्होंने राजद के साथ मिल कर चुनाव लड़ा था तब खुल कर भाजपा को सांप्रदायिक पार्टी कहा था और फिर सरकार बनाई तो वे भाजपा को खरी–खोटी सुनाते नहीं थकते थे। मगर फिर क्या हुआ कि उसी भाजपा से गलबहियां कर बैठे और बाकी का कार्यकाल पूरा किया। फिर इस बार का चुनाव भी उन्होंने भाजपा के साथ मिल कर लड़ा था। भाजपा ने उन्हें शुरू में ही मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित कर दिया था। जद (एकी) की सीटें भाजपा से कम होने के बावजूद उसने अपना वचन निभाया और उन्हें मुख्यमंत्री पद दिया। अब फिर उन्हें भाजपा खटकने लगी और राजद का साथ अच्छा लगने लगा। राजनीति में अवसर का लाभ उठाने वाले ही बड़े खिलाड़ी माने जाते हैं। चुनाव के समय तो ऐसा करके नीतीश कुमार ने अपने खिलाड़ी होने का परिचय दे दिया, मगर अब ऐसी क्या सैद्धांतिक अड़चन आ गई कि उन्हें भाजपा का साथ चुभने लगा। खैर, अगर नीतीश कुमार को भाजपा के साथ सैद्धांतिक मेल नहीं बैठ पा रहा था, तो राजद को भी वे भला कितना अपना पाएंगे, कहना मुश्किल है, क्योंकि उसी राजद को कोसते हुए पिछली बार उन्होंने भाजपा का दामन थामा था। वे कहते नहीं थकते थे कि राजद बिहार में जंगलराज कायम करना चाहती है। अब क्या राजद के व्यवहार में अचानक बदलाव आ गया। ऐसा लगता तो नहीं। फिर तेजस्वी यादव ने जिस तरह सरकार बनने से पहले अपनी कड़ी शर्तें रखी हैं, उससे वह नीतीश कुमार को मुक्तहस्त होकर काम करने का अवसर देगी, कहना मुश्किल है।

# मंत्री संजय निषाद की बढ़ती मुश्किलें, गोरखपुर सीजीएम कोर्ट के बाद अब एमपी-एमएलए कोर्ट ने जारी किया समन



निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मत्स्य पालन मंत्री डॉक्टर संजय निषाद की मुश्किलें लगातार बढ़ती ही जा रही हैं. इस बीच अब गोरखपुर के एमपी–एमएलए कोर्ट नंबर 2 ने समन जारी किया है. सरकारी नौकरियों में निषादों को 5 पर्सेंट आरक्षण देने की मांग को लेकर गोरखपुर की सहजनवा के कसरवल में 7 जून 2015 को धरना और रेल रोको प्रदर्शन था, इस मामले में अब समन जारी किया गया है.

दरअसल, 7 जून 2015 को धरना और रेल रोको प्रदर्शन के दौरान संजय निषाद की मौजूदगी में अलग–अलग जिलों से भारी संख्या में निषाद समाज के लोग वहां पहुंचे थे. आंदोलनकारियों ने ट्रैक रोक दिया था. उस पर चारपाई रखकर बैठ गए थे और पटरी को भी क्षतिग्रस्त किया गया था.आरपीएफ बस्ती के तत्कालिक पोस्ट प्रभारी ने डॉक्टर संजय निषाद और उनके सहयोगियों के खिलाफ रेलवे एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया था. इस मामले में आरपीएफ बस्ती पोस्ट के दरोगा ने पादरी बाजार स्थित संजय निषाद के आवास पर समन चश्मा कर दिया और 3 दिन के भीतर उन्हें कोर्ट में हाजिर होना है.

अभी तीन दिन पहले सीजेएम कोर्ट ने भी डॉक्टर संजय निषाद के खिलाफ गैरजमानती वारंट जारी किया है और उन्हें 10 अगस्त तक गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने का आदेश भी दिया है. हालांकि, वह खुद से की कोर्ट पहुंच गए हैं. वही एमपी–एमएलए नम्बर 2 ने समन जारी किया है और उन्हें 3 दिन के अंदर कोर्ट में पेश होने को कहा है. ऐसे में अब डॉ संजय निषाद की मुश्किलें और बढ़ गई हैं.

7 जून 2015 को हुए इस आंदोलन में रेलवे ट्रैक पर बैठे आंदोलनकारियों को पुलिस ने हटाने का प्रयास किया तो आंदोलनकारियों ने पत्थरबाजी शुरू कर दी थी. जिसके बाद लाठीचार्ज शुरू हुआ पुलिस ने आंसू गैस के गोले ,रबर बुलेट का इस्तेमाल भी किया था. शाम को आंदोलनकारियों ने पुलिस कि कई गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया था. इस दौरान वहां कई राउंड गोली भी चली, जिसकी चपेट में आकर उत्तर प्रदेश के इटावा जिले के रहने वाले अखिलेश निषाद की मौत हो गई थी.

# त्वरित टिप्पणी - राजनीतिक कौशल के कारण 17 सालों से सत्ता के केंद्र में हैं नीतीश कुमार



नीतीश कुमार की राजनीतिक रणनीति ने सबको चौंका दिया. यह उनका राजनीतिक कौशल ही है कि 17 सालों से बिहार की सत्ता के केंद्र में हैं. जीतन राम मांझी के एक साल के कार्यकाल को छोड़ दें, तो नीतीश कुमार 2005 से लगातार राज्य के मुख्यमंत्री हैं. 2015 में राजद से और 2020 के विधानसभा में भाजपा से कम सीट मिलने के बावजूद दोनों ही पार्टियों ने नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाया.

### सबने नीतीश कुमार के चेहरे पर लड़ा चुनाव

दोनों चुनाव अलग–अलग गठबंधनों ने नीतीश कुमार के चेहरे पर लड़ा था. लिहाजा, उनकी राजनैतिक नैतिकता का तकाजा था कि चुनाव बाद के परिणाम के बाद भी नीतीश कुमार को गठबंधन का नेता बनाया जाए. नीतीश कुमार नपा–तुला बोलते हैं और समय पर माकूल प्रतिक्रियाएं देते हैं. एक ही राजनीतिक धारा से आने वाले नीतीश कुमार की 1990 में लालू प्रसाद की कार्यशैली से कई बिंदुओं पर अहसमति सामने लगी थी. यह दौर 1993–94 का था. नीतीश कुमार ने लालू प्रसाद को कई खत लिखे.

### 1995 में लालू प्रसाद के खिलाफ खोला मोर्चा

1995 में लालू प्रसाद के खिलाफ उन्होंने मोर्चा खोल दिया. समता पार्टी बनी. उस चुनाव में नीतीश कुमार को सात सीटें मिली थीं. 1996 में समता पार्टी ने भाजपा के साथ गठबंधन कर लिया. एक ही सामाजिक धारा वाली दो पार्टियों के सतह पर आने के बाद सामाजिक न्याय की राजनीति में नयी परिस्थितियां थी. तब तक लालू प्रसाद राष्ट्रीय जनता दल बना चुके थे. उधर, नीतीश कुमार अपने सामाजिक आधारों को विस्तार देने की योजना पर काम करते रहे.

### बेदाग छवि का असर

लंबे समय तक सत्ता राजनीति में रहने के बाद भी नीतीश कुमार बेदाग रहे. शायद यह छवि दूसरे राजनीतिक दलों को उन्हें अपने साथ लेने पर मजबूर भी करती रही है. दोस्त के प्रतिद्वंद्वी बनने और प्रतिद्वंद्वी के दोस्त बनने की प्रक्रिया में नीतीश कुमार समय–समय पर दोनों धाराओं की राजनीति के श्चहेतेश रहे. बीते कई सालों की राजनीति को देखें, तो ऐसा उदाहरण नहीं मिलेगा. उनकी तारीफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी करते हैं और कांग्रेस के नेता भी. वामदल भी नीतीश कुमार को समर्थन दे रहे हैं. यही वजह है कि नीतीश की छवि के आगे उनकी पार्टी को मिलने वाली सीटों की गिनती पीछे छूट जाती है या छोड़ दी जाती है.

### अब आगे क्या...

तेजस्वी यादव ने मंगलवार को कहा कि नीतीश कुमार देश भर में सबसे अनुभवी मुख्यमंत्री हैं. उनके कहने का आशय यही था कि नयी राजनीतिक जमीन पर बनने वाली सरकार में विकास और प्रगति के मानदंड बनाये जायेंगे. बिहार की आकांक्षाओं को पूरा करने की चुनौती कहीं अधिक होगी.

# अल्लाह से कर दी ममता बनर्जी की तुलना, TMC विधायक निर्मल माजी के खिलाफ कार्रवाई की मांग

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी की तुलना अल्लाह से कर दी गयी है. ऐसा करने वाले तृणमूल कांग्रेस के विधायक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गयी है. विधायक के खिलाफ कलकत्ता हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गयी है, जिसमें तृणमूल कांग्रेस के विधानसभा सदस्य डॉ निर्मल माजी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई का निर्देश देने की मांग की गयी है.

### डॉ. निर्मल मांझी के खिलाफ जनहित याचिका दायर

जनहित याचिका में आरोप लगाया गया है कि विधायक निर्मल माजी ने प्रदेश की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तुलना अल्लाह से की है. ऐसा करके उन्होंने मुस्लिम समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचाया है. गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल के उलुबेड़िया उत्तर विधानसभा से तृणमूल कांग्रेस के विधायक डॉ निर्मल माजी पर हाल ही में ममता बनर्जी को मां शारदा का अवतार बताने का आरोप लगाया गया था.

### कलकत्ता हाईकोर्ट में दायर हुई जनहित याचिका

अब डॉ माजी पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तुलना अल्लाह से करने का आरोप लगाया गया है. कलकत्ता हाईकोर्ट में नाजिया इलाही खान ने जनहित याचिका दायर की है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि डॉ माजी ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री की तुलना अल्लाह के साथ की है. यह निश्चित रूप से मुस्लिम समुदाय की धार्मिक भावनाओं के खिलाफ है और यह भारतीय दंड संहिता, 1860 की धारा 295ए के तहत अपराध है.

### नूपुर शर्मा की तरह डॉ. मांझी ने भी किया है गुनाह



जनहित याचिका में आगे कहा गया है कि जिस तरह से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नेता नूपुर शर्मा ने पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया था, उसी तरह से डॉ माजी ने भी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तुलना अल्लाह से करके गुनाह किया है. हालांकि, डॉ माजी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई नहीं हुई, जबकि नूपुर शर्मा को कई तरह की कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ा था. नूपुर के खिलाफ लुकआउट नोटिस तक जारी हो गया था.

# सरकार नयी सीएम वही, नीतीश कुमार ने आठवीं बार ली मुख्यमंत्री पद की शपथ, तेजस्वी बने डिप्टी सीएम

बिहार में नीतीश कुमार की राजनीतिक रणनीति ने फिर से सब को चौंका दिया है. यह उनका कौशाल ही है की बिहार में किसी भी पार्टी की सरकार बनें लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही बनते हैं. जैसे की 2015 में राजद से और 2020 के विधानसभा में भाजपा से कम सीट मिलने के बावजूद दोनों ही पार्टियों ने नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाया और अब 2022 में एक बार फिर से महागठबंधन के साथ मिलकर नीतीश कुमार ने आज आठवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली है. नीतीश कुमार के साथ साथ तेजस्वी यादव ने भी बिहार के उप मुख्यमंत्री के रूप में दूसरी बार शपथ ली है. राज्यपाल फागु चौहान ने दोनों को राजभवन में शपथ दिलाई.

### तेजस्वी ने पैर छूकर लिया आशीर्वाद

राज भवन में शपथग्रहण समारोह के के बाद तेजस्वी यादव ने पांव छूकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से आशीर्वाद लिया. नीतीश कुमार ने शपथ लेने के बाद कहा की मैं चुनाव के बाद सीएम नहीं बनना चाहता था. बीजेपी के साथ जाने से हमें नुकसान हुआ और पिछले दो महीने से हालात कुछ ठीक नहीं चल रहे थे

### नौजवानों के लिए करेंगे काम

शपथ ग्रहण समारोह में पूर्व सीएम राबड़ी देवी, तेजप्रताप यादव, तेजस्वी यादव की पत्नी राजश्री यादव सहित कई नेता मौजूद रहे. समारोह के बाद राबड़ी देवी ने सभी को शुभकामना देते हुए कहा कि बिहार और देश की जनता के लिए यह बहुत अच्छा हुआ है. बिहार की जनता बहुत खुश है. वहीं तेजप्रताप यादव ने कहा कि सरकार में नौजवानों के लिए काम करने आए हैं.

### 164 विधायक का समर्थन

राजभवन में मंगलवार को नीतीश कुमार ने विधायकों के समर्थन वाली चिट्ठी राज्यपाल को सौंपा इसके साथ ही उन्होंने दावा किया कि उनके साथ सात पार्टियों का समर्थन है. जिसमें 164 विधायक हैं. इसके अलावा एक निर्दलीय विधायक का भी उन्हें सपोर्ट है. इससे पहले तेजस्वी यादव ने कहा था की भाजपा का काम सिर्फ छोटे दलों को नष्ट करना है. अब बार बिहार में ऐसा नहीं होगा. बिहार में सभी पार्टियों का हमे समर्थन है. ऐसे में विधानसभा में विपक्ष पर भाजपा अकेले बैठे नजर आएगी.

### राबड़ी देवी ने कहा सब माफ

शपथ ग्रहण समारोह में राबड़ी देवी ने नीतीश कुमार के साथ नाराजगी पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा कि सब माफ हो गया. बुधवार को शपथ ग्रहण समारोह में आरजेडी नेता तेजस्वी यादव का पूरा परिवार पहुंचा था.

# सीएसजेएम विवि में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने की हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत

कानपुर । छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू) में हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत राज्यपाल और कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने की। राज्यपाल ने विवि के ऑडिटोरियम में आयोजित समारोह में शिरकत करने के साथ सात जिलों के 75 गांव में होने वाले कार्यक्रमों को भी लाइव देखा। विवि 10 से 17 अगस्त के बीच विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विवि के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने की। सीएसजेएमयू में आरके देवी आई




रिसर्च इंस्टीट्यूट और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के सहयोग से सात जिलों के 75 गांव में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत नेत्र शिविर का आयोजन होगा। जेके कैंसर इंस्टीट्यूट की ओर से निशुल्क कैंसर स्क्रीनिंग भी की जाएगी

# भारतीय सेना की गंगा टास्क फोर्स ने रोपे पांच हजार पौधे

## हर घर तिरंगा फहराने के लिए किया प्रेरित

कानपुर । देश की आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर पूरे देश में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को भारतीय सेना की गंगा टास्क फोर्स ने अर्मापुर एस्टेट स्थित तुलसीदास मंदिर के मैदान में हरि संक्री के पांच हजार पौधे रोपे। हाथों में तिरंगा लिए टास्क फोर्स के सदस्यों ने केंद्रीय विद्यालय नंबर–2 और अर्मापुर पीजी कॉलेज के बच्चों के साथ भारत माता के जयकारें भी लगाए। इस दौरान लोगों को हर घर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित भी किया गया। इस दौरान भारतीय सेना के लेफ्टिनेंट महेंद्र यादव ने कहा कि यह राष्ट्र के जागरण का महोत्सव है । यह महोत्सव दुख, कष्ट और विनाश से निकलकर अमृत की ओर जाने का महोत्सव है। हर घर तिरंगा फहराने से राष्ट्रप्रेम जागृत होता है, देशभक्ति का जज्बा पैदा होता है। इस आजादी महोत्सव का आधार स्तंभ यह है कि हम 75 नए संकल्प लेकर देश को विश्व गुरु बनाएंगे। आजादी का अमृत महोत्सव मनाना है, जन जन की भागीदारी से आत्मनिर्भर भारत बनाना है। पूरा मैदान भारत माता की जय और वंदे मातरम से गूंज उठा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक सुरेंद्र मैथानी मौजूद रहे। इस दौरान



ऑर्डिनेंस फैक्ट्री के जनरल मैनेजर राजेश सागर, डीएफओ कानपुर अरविंद यादव, आर्मर्ड रेजीमेंट के कर्नल सिद्दीकी, सामाजिक कार्यकर्ता रसीद नादरी, गंगा विचार मंच के अनिल सिंह, केंद्रीय विद्यालय नंबर– 2 और पीजी कॉलेज के प्रिंसिपल एवं छात्र –छात्राएं रहीं।

# विहिप व मातृशक्ति दुर्गावाहिनी की बहनों ने पुलिसकर्मियों को बांधी राखी

कानपुर । नरवल में बुधवार को मातृ शक्ति दुर्गा वाहिनी संस्कार प्रमुख की बहनों ने चकेरी थाने के पुलिसकर्मियों को राखी बांधी। बहनों ने मिठाई खिलाकर व रक्षा सूत्र बांधकर धूमधाम से राखी मनाई। इस दौरान पुलिसकर्मियं ने अपनी बहनों की रक्षा करने का भी संकल्प लिया। सरकारी विभागों में कार्यरत कई ऐसे अधिकारी व कर्मचारी हैं, जो अधिकतर पर्वों पर अपने घर नहीं पहुंच पाते हैं। ऐसे में विश्व हिंदू परिषद व अन्य संगठन सामने आता है। बीबीपुर व घाऊखेड़ा क्षेत्र में जाकर विहिप के कार्यकर्ताओं ने भी बहनों से राखी बंधवाई। अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा कि बहनों की रक्षा की जाएगी। इन्हें किसी तरह की समस्या नहीं होगी। विश्व हिंदू परिषद की मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी संस्कार प्रमुख की महिलाओं ने कहा कि पुलिसकर्मी



भाई अपनी ड्यूटी निभाने के लिए त्योहार को भी घर नहीं जा पाते हैं। ऐसे में हम बहनों ने उन्हें राखी बांधी है, ताकि उन्हें अपने घर की कमी न महसूस हो। इंस्पेक्टर शैलेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि बहनों ने राखी बांधकर आशीर्वाद लिया है। हम भी इन बहनों की रक्षा के लिए संकल्पित हैं। इस तरह घर के बाहर भी त्योहार जैसा अनुभव हो रहा है, यह सौभाग्य की बात है। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के अजय सिंह, आनंद सिंह, राकेश गुप्ता, सुमित कुमार समेत कई महिलाएं उपस्थित रहीं।

# गौरव यात्रा निकाल कांग्रेसियों ने महंगाई बेरोजगारी नफरत और हिंसा के मुद्दे पर केंद्र सरकार को घेरा

कानपुर । शहर कांग्रेस कमेटी, कानपुर उत्तर की ओर से स्वतंत्रता दिवस की 75वीं वर्षगांठ मनाई गई। आयोजित होने वाले सप्ताह भर के कार्यक्रमों के अंतर्गत बुधवार को दूसरे दिन आजादी की गौरव पदयात्रा निकाली गई गई। मोदी सरकार को घेरते हुए कांग्रेसियों ने महंगाई, बेरोजगारी, नफरत और हिंसा, भारत छोड़ो के स्लोगन के साथ निकाली। मूलगंज चौराहा स्थित सरदार पटेल और सरदार भगत सिंह को नमन करने के बाद शहर कांग्रेस कानपुर उत्तर के पदाधिकारी पैदल यात्रा पर निकले। इस दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए महंगाई और बेरोजगारी सहित अन्य मुद्दों पर विरोध जताया। कांग्रेस उत्तर के अध्यक्ष नौशाद अलम मंसूरी के नेतृत्व में यात्रा निकाली गई । यह पदयात्रा मूलगंज चौराहा, लाटूश रोड, इफ्तिखाराबाद, दलेलपुरवा, डिप्टी पड़ाव व अफीम कोठी होते हुए कारवालो नगर पार्क स्थित गांधी प्रतिमा के समक्ष स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं अमर शहीदों को श्रृद्धासुमन समर्पित करते हुए समाप्त हुई। यहां नौशाद आलम मंसूरी ने कहा कि आज देश में महंगाई, बेरोजगारी, नफरत और हिंसा का प्रयोजित वातावरण है जिसके लिए प्रत्येक भारतवासी और कांग्रेसजनों को देश की स्वतंत्रता की लड़ाई की तर्ज पर संगठित होकर उसके निरमूल करने के लिए तत्पर होना होगा।



# युवक पर कहर बरसाने वाले दो एसआई हुए लाइन हाजिर




कानपुर । घाटमपुर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत इटर्रा गांव में बीते माह सुमित कुमार को पुलिस ने घर से उठाकर होटल में ले गई थी युवक के साथ जमकर मारपीट जिससे युवक को अंदरूनी गंभीर चोटें भी आई थी, मारपीट करने के बाद थाने में लाकर थर्ड डिग्री दी थी जिससे युवक की हालत नाजुक हो गई थी घायल युवक का इलाज घर में चल रहा था 9 जुलाई के दिन युवक की हालत गंभीर हो गई थी व युवक को खून की उल्टी आने पर परिजनों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाटमपुर लाए थे जिस पर डॉक्टरों ने गंभीर देखते हुए युवक को कानपुर जिला अस्पताल रेफर किया था, जहां युवक का इलाज जारी है वही मामले की कार्रवाई ऑनलाइन की गई थी जिस पर मामले को संज्ञान में लेते हुए एसपी आउटर तेज स्वरूप सिंह ने कार्रवाई करते हुए दो एसआई धर्मेंद्र कुमार, एसआई इरफान खान, को लाइन हाजिर किया है वही अपर अधीक्षक आदित्य कुमार शुक्ल को पूरे मामले में प्रकरण की जांच सौंपी गई है ।

# घाटमपुर तहसील परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे हुए चोरी

कानपुर । घाटमपुर तहसील परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे चोर लेकर हुए फरार अधिकारी बने हैं अनजान, जानकारी के अनुसार बता दें कि घाटमपुर तहसील की सुरक्षा में लगे दर्जनों सीसीटीवी कैमरों को चोरों ने अपना निशाना बनाया है जहां अभी तक घरों में चोर चोरी कर पार करते थे माल, वही अब सरकारी दफ्तर में लगे सीसीटीवी कैमरे भी किए पार , बीते दिनों घाटमपुर कस्बा स्थित डाकखाना रोड में एक इलेक्ट्रिशियन की दुकान पर चोरों ने किए थे कमरे चोरी वही मौके पर पहुंची पुलिस ने बताया था कि शराब के नशे में शराबी ने सीसीटीवी किए हैं पार परंतु अब तहसील परिसर से सीसीटीवी कैमरे हुए पार, एसडीएम ने बताया कि कोई जानकारी नहीं है जानकारी करते हैं । बता दें कि तहसील परिसर समेत नायाब तहसील कोर्ट, एसडीएम ऑफिस के बाहर सीसीटीवी कैमरे के तार लटक रहे हैं,

यहां पर लगे करीब एक दर्जन सीसीटीवी कैमरे बीते दिनों चोर अपने साथ चोरी कर ले गए हालांकि जिम्मेदार अधिकारियों को किसी भी प्रकार की भनक नहीं लगी, जबकि घाटमपुर कोतवाली के पीछे ही घाटमपुर तहसील परिसर स्थित है थाने के पीछे दीवार से सटी हुई तहसील परिसर से बीते दिनों चोरों ने सीसीटीवी कैमरे को किया पार वही दफ्तरों के आगे लटक रहे तार, अधिकारी इस बात से थे अनजान पूछने पर घाटमपुर एसडीएम अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि उन्हें तहसील परिसर से सीसीटीवी कैमरे चोरी की जानकारी नहीं हो पाई उन्होंने कहा की जानकारी करते हैं, वही मामले में कानपुर जिलाधिकारी विशाख जी ने बताया कि तहसील परिषद से सीसीटीवी चोरी होना बड़ी बात है जानकारी की जा रही है



# हरिशंकरी कार्यक्रम के अंतर्गत किया गया वृक्षारोपण, लगाए गए वृक्ष



कानपुर । घाटमपुर तहसील क्षेत्र के भदरस ग्राम स्थित कंम्पोजिट विद्यालय में हरिशंकरी सप्ताह में पौधारोपण का कार्यक्रम किया गया है, जिस पर समस्त वन अधिकारी व विद्यालय के प्रधानाचार्य व टीचर कार्यक्रम पर रहे उपस्थित, जानकारी के अनुसार बता दें भारत सरकार द्वारा चलाए गए अभियान के अंतर्गत 75 आजादी का अमृत महोत्सव के तहत चलाए गए कार्यक्रम हरिशंकरी सप्ताह में पौधारोपण का कार्यक्रम किया जा रहा है कार्यक्रम के तहत शहर कस्बा गांव मंदिर विद्यालय आदि जगहों पर पौधे लगाकर कार्यक्रम आयोजित किया । जिसमें पीपल, बरगद, पाकड़, के वृक्ष लगाकर कार्यक्रम संपन्न किया, कार्यक्रम में संजय माथुर वन अधिकारी घाटमपुर, अरविंद कुशवाहा वन विभाग एसआई प्रभा सचान वनरक्षक, धीरज तिवारी वनरक्षक, वही मौके पर विद्यालय स्टाफ दिया उपस्थित कम्पोजिट विद्यालय भदरस के अध्यापक अतीक अहमद, सत्येंद्र कुमार, इरशाद हुसैन, श्रीमती अनुपमा तिवारी, मतीरिचा श्रीवास्तव, आरती देवी, अभय राज सिंह,(संकुल शिक्षक,) नीना सिंह, खुशबू सचान, रजनीश कुशवाहा, सोनेंद्र मिश्रा, विद्यालय का स्टाफ रहा मौके विद्यालय की बालक एवं बालिकाएं मौके पर उपस्थित रहे।

# चलते ट्रक में अजगर मिलने से मचा हड़कंप

## सूचना मिलने पर पहुंचे वन विभाग अधिकारी

फतेहपुर । जनपद के बिंदकी कोतवाली क्षेत्र में एक चलते ट्रक में अजगर सांप बैठा देखा गया बताते चलें कि जनपद के बिंदकी कस्बे के समीप एक ढाबे के पास से गुजर रहे ट्रक में स्टेपनी की जगह पर बने स्टैंड में एक भयानक अजगर सांप बैठा हुआ था गुजरते ट्रक में राहगीरों ने देखा तो हड़कंप मच गया ट्रक का पीछा कर ट्रक को रुकवाया गया इस घटना की जानकारी चालक व क्लीनर को दी गई चालक व क्लीनर ट्रक से उतर कर देखा कि उनके ट्रक में स्टेपनी के स्टैंड पर एक भयंकर अजगर सर्प बैठा है ।

चालक ने इस घटना की सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दी । सूचना पर पहुंचे वन विभाग के अधिकारियों ने अजगर सर्प को पकड़ कर जंगल में छोड़ दिया है ट्रक चालक ने बताया कि वह सतना मध्य प्रदेश से धान की भूसी लादकर कानपुर जा रहा था बुधवार सुबह रास्ते में बिंदकी कस्बे के समीप इस घटना की जानकारी हुई तो हड़कंप मच गया जहां पर देखने वालों की भीड़ लगी रही ।




# 75 वें स्वतंत्रता दिवस से पूर्व मुख्यालय में निकाली गई तिरंगा बाइक यात्रा

'हमीरपुर'–75 में स्वतंत्रता दिवस के राष्ट्रीय पर्व से पूर्व हर घर तिरंगा लगाने का अभियान चलाया जा रहा है,जो कि 13 अगस्त से 15 अगस्त तक चलेगा जिससे पूर्व आज जनपद हमीरपुर सिटी फॉरेस्ट से भाजपा कार्यालय तक मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार राज्य मंत्री मनोहर लाल पंथ विशिष्ट अतिथि सदर विधायक हमीरपुर डॉक्टर मनोज प्रजापति जिला अध्यक्ष बृज किशोर गुप्ता की अध्यक्षता में निकाली गई इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य हर व्यक्ति को जागरूक करना कि देश के तिरंगे झंडे का सम्मान हमको किस प्रकार से करना है और अपने घर घर पर झंडा लगाना है खुशहाली से राष्ट्रीय पर्व को मनाना है इस कार्यक्रम युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष आकाश त्रिपाठी महामंत्री अभिषेक सिंह तोमर एवं युवा मोर्चा के सभी पदाधिकारियों की अथक मेहनत एवं प्रयास से संपन्न हुआ इस कार्यक्रम में चेयरमैन हमीरपुर कुलदीप निषाद रामदेव सिंह लक्ष्मी रतन साहू डॉक्टर रोहित शर्मा चिकित्सा प्रकोष्ठ सहसंयोजक हमीरपुर जिला मीडिया प्रभारी अरविंद श्रीवास्तव स्वामी प्रताप सिंह महेंद्र सिंह सुरेंद्र तिवारी महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष आराधना राजपूत मंडल अध्यक्ष गोहांड अनीता राजपूत आराधना शकुंतला निषाद राजपूत राधा चौरसिया नीलम बाजपेई एवं सैकड़ों पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे इसी प्रकार कस्बा सुमेरपुर में मंडल अध्यक्ष अरिमर्दन सिंह की की अध्यक्षता में की अध्यक्षता में मंडी समिति से तपोभूमि तक तिरंगा बाइक रैली निकाली मंडल अध्यक्ष अरिमर्दन सिंह शरद चंदेल क्षत्रिय सदस्य महिला मोर्चा मीना यादव मंडल मंत्री सुनीता शिवहरे उषा सिंह सुरेंद्र सिंह भदोरिया ग्राम प्रधान रामलीला निषाद ग्राम प्रधान मौहर सौरभ सिंह किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह अमित सिंह रणवीर सिंह लाला इत्यादि



सैकड़ों पदाधिकारियों कार्यकर्ता उपस्थित रहे ग्रामीण क्षेत्रों में भौरा ग्राम प्रधान सुरेंद्र सिंह भदोरिया बिलहडी ग्राम प्रधान जय नारायण विश्वकर्मा मौहर ग्राम प्रधान राममिलन निषाद टेढ़ा ग्राम प्रधान नोखे लाल यादव ने पूरे गांव में तिरंगा यात्रा की प्रभात फेरी निकाली।

# डाकघर के अभिकर्ताओं ने किया हड़ताल, डाकघर की योजनाएं आईपीपीबी में करने का विरोध

औरैया । डाकघर में पोस्टल यूनियन के तहत डाकघर के अभिकर्ताओं ने हड़ताल किया और धरना प्रदर्शन कर अपनी मांगे रखी। उन्होंने कहा कि डाकघर की समस्त योजनाओं को आईपीपीबी में करके उनके व्यवसाय को समाप्त करने का प्रयास न किया जा रहा है। अभिकर्ताओं ने कहा कि डाकघर में चेक से निवेश करने की कठिनाइयां समाप्त की जाए अथवा चेक बुक की पर्याप्त व्यवस्था कराई, एएसएलए एस कार्ड की अनिवार्यता समाप्त की जाए और सरलीकरण कर पर्याप्त मात्रा में महिला अभिकर्ता को जोड़ा जाए। आए दिन जाने वाले सर्वर की समस्या का भी हल किया जाए और अभिकर्ता के पासवर्ड लॉक होने की परेशानी से निजात दिलाई जाए। डाकघर में पर्याप्त कर्मचारियों की तैनाती की जाए। कमीशन में वृद्धि की जाए।

डाकघर की बचत योजनाएं जैसे पीपीएफ, एसएसए और एससीएसएस अभिकर्ता के माध्यम से हो। एजेंसियों का नवीनीकरण केंद्र सरकार के अधीन किया जाए की और उसकी प्रक्रिया को सरल की जाए। 3 साल की समय अवधि को समाप्त किया जाए। इस दौरान अभिकर्ता ममता पांडेय, संजय गुप्ता, नीलम पोरवाल,



अजय गुप्ता, गायत्री देवी, रामनारायन पूनम पांडेय,रीता दीक्षित ,रेखा रानी ,कमलेश रानी, राधा बाथम, निधि, रिचा त्रिपाठी ,विवेक कुमार वर्षा पोरवाल आदि अभिकर्ता मौजूद रहे।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गौरव यात्रा निकालकर शहीदों के सर्वोच्च बलिदान को किया याद

हरदोई । कांग्रेस ने दूसरे दिन भी गौरव यात्रा की निकाली। यात्रा की शुरुआत बेनीगंज से व समापन कोथावां में किया। कार्यकर्ताओं ने शहीदों के सर्वोच्च बलिदान को याद किया। यात्रा का आयोजन जिला सचिव भूपेंद्र सिंह व कोथावां ब्लॉक अध्यक्ष राम औतार वर्मा ने किया। यात्रा का नेतृत्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष आशीष कुमार सिंह ने किया । जिलाध्यक्ष आशीष कुमार सिंघह ने कहा, षांधी जी के दिए सत्य, अहिंसा और सत्याग्रह के मूलमंत्र आज भी प्रासंगिक हैं। महात्मा गांधी के द्वारा चलाये गए असहयोग आंदोलन, अंग्रेजों भारत छोड़ो, सविनय अवंज्ञया, नमक सत्याग्रह, सरदार पटेल जी के बारडोली सत्याग्रह ने अंग्रेजी हुकूमत की जड़ें हिला दी थीं। पूरा देश गांधी जी के नेतृत्व में आजादी की निर्णायक लड़ाई में भागीदार बना और हम आजाद हुए। मगर कुछ अंग्रेज परस्तों को यह पसंद नहीं आया। उन्होंने गांधी बापू की हत्या कर दी। मगर गांधी के विचार आज भी जन जन के मन में प्रवाहित हो रहे हैं।




# पांच सौ रुपए के लिए की थी युवक की हत्या

## पहले डंडे से पीटा, फिर प्लास्टिक की रस्सी से घोंटा गला

हरदोई । मक्के के खेत में मंगलवार को एक युवक का शव पड़ा मिला था। युवक की पीट–पीट कर और गला घोंट कर हत्या की गई थी। शव के पास ही खून से लथपथ एक बांस का डंडा भी बरामद हुआ था। पुलिस ने इस मामले में 1 आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक 500 रुपए को लेकर युवक की निर्मम हत्या कर दी गई थी। आरोपी ने पहले डंडे से पीटकर युवक को अधमरा किया फिर प्लास्टिक की रस्सी से गला कस कर उसकी हत्या कर दी थी।थाना माधोगंज के लखनपुर सरैया निवासी 26 वर्षीय अन्नतु पुत्र मनीराम का शव मंगलवार को मक्का के खेत मे पड़ा मिला था. मृतक प्रतिदिन राजपाल के



ट्यूबल पर सोने के लिए जाता था। सोमवार की रात भी तकरीबन 9 बजे अनंतु घर से सोने के लिए निकला था। मंगलवार की सुबह जब लोग शौच के लिए निकले तो उनको विष्णु के मक्के के खेत में खून से लथपथ अनंतू का शव पड़ा देखा।एसपी राजेश द्विवेदी ने बताया कि घटना के बाद पुलिस टीम को गिरफ्तारी के लिए लगाया गया था। मुखबिर से सूचना मिली गांव के ही प्रवीण से उसका विवाद था। पुलिस ने प्रवीण कुमार उर्फ अविनाश को गिरफ्तार कर लिया। एसपी राजेश दिवेदी ने बताया कि अविनाश से कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने बताया कि अनन्तू पुत्र मनीराम ने मेरे पांच सौ रुपए चोरी कर लिये थे।इसी बात से गुस्सा होकर उसने 8 अगस्त की शाम को बांस के डण्डे से अनन्तू के सिर व शरीर पर कई प्रहार किये। उसके बाद पतली प्लास्टिक की रस्सी से उसका गला कस कर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद उसने हत्या में प्रयुक्त बांस का डण्डा व प्लास्टिक की रस्सी को राजपाल निवासी ग्राम लखनपुर के मक्का के खेत में छिपा दिया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# एसपी ऑफिस पहुंची छात्राएं, पुलिस अधिकारियों और सिपाहियों को बांधी रखी

औरैया । रक्षाबंधन से एक दिन पहले जनपद के स्कूल की छात्राएं एसपी चारु निगम के पास पहुंची। सभी ने एसपी को राखियां बांधी और सुरक्षा की बात कही। इसके बाद बच्चियों ने ऑफिस में तैनात सभी पुलिस के अधिकारियों और सिपाहियों को भी राखी बांधी। इस दौरान एसपी ने सुरक्षा का भरोसा दिलाया। बुधवार को जिला मुख्यालय और कुछ स्कूलों की छात्राएं एसपी कार्यालय पहुंच गईं। यहां पर उन्होंने एसपी चारु निगम को राखियां बांधी। एसपी चारु निगम ने राखी बांधने पर बच्चों को गिफ्ट दिए। साथ ही रक्षा करने का भी वायदा किया। एसपी चारु निगम ने छात्राओं की हौसला अफजाई की। कहा जिन भाइयों को आसपास रहने वाली बहनों ने राखी बांधी है, उन्हें बहन मानकर उनकी रक्षा करेंगे। एसपी ने छात्राओं से उनकी पढ़ाई के बारे में पूछा। कहा कि कोई भी दिक्कत हो तो उन्हें बताए। वह जरूर मदद करेंगी।



# राज्यमंत्री ने निकाली तिरंगा यात्रा, विधायक ने की घरों पर झंडा लगाने की अपील

हमीरपुर । हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने को लेकर पुलिस–प्रशासन तैयारियों में जुट गया है। वहीं, सत्ताधारी पार्टी के कार्यकर्ता और नेता भी कार्यक्रम को सफल बनाने की कोशिश में लगे हुए हैं। राज्यमंत्री मन्नू लाल पंथ ने बुधवार को कार्यकर्ताओं के साथ नगर में बाइक रैली निकाली। जो नगर भ्रमण करती हुई भाजपा कार्यालय पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान सभी के हांथों में तिरंगा दिखाई दिया। सदर विधायक मनोज प्रजापति ने बताया कि 13 से 15 अगस्त तक हर घर में तिरंगा अभियान चलाया जाना है। इसको लेकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

उन्होंने सभी से अपने घरों और प्रतिष्ठानों पर तिरंगा फहराने की अपील की। राज्यमंत्री मन्नू लाल पंथ ने कहा की पूरे देश में 11 से 17 अगस्त तक स्वतंत्रता सप्ताह मनाया जा रहा है।तिरंगे की शान को बरकरार रखते हुए सभी लोग अपने–अपने घरों तिरंगा फहराएं और इस महोत्सव को कामयाब बनाएं।



# रेलवे स्टेशन अधीक्षक कार्यालय में चित्र प्रदर्शनी का किया गया उद्घघाटन

इटावा । रेलवे अधिकारियो ने देश के विभाजन विभीषिका की प्रदर्शनी लगाकर स्वत्रंता संग्राम सेनानी परिवार के सदस्य से उद्घघाटन करवाया। विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर स्टेशन अधीक्षक कार्यालय में चित्रों की प्रदर्शनी लगाई गई। स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज मण्डल द्वारा विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में याद किया जा रहा है। इसके तहत मण्डल के 12 रेलवे स्टेशनों में चयनित इटावा रेलवे जंक्शन स्टेशन पर विभाजन विभीषिका से सम्बंधित प्रदर्शनी का उदघाटन राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार के प्रदेश महासचिव एवं कानपुर मण्डल प्रभारी आकाशदीप जैन ने फीता काटकर किया। प्रदर्शनी के शुभारंभ अवसर पर स्टेशन अधीक्षक पीएम मीना, वरिष्ठ खण्ड अभियन्ता पावर सप्लायर सुरेन्द्र नाथ गुप्ता, मुख्य कर्मचारी एवं हित निरीक्षक विजय बहादुर वर्मा, मुख्य माल परवेक्षक रोहित कुमार, उप स्टेशन अधीक्षक रवि गोयल, मुख्य टिकट निरीक्षक वेदवती, वरिष्ठ खण्ड अभियन्ता



कमलेश पंडित व्यापारी नेता क़ामिल कुरैशी सहित रेलवे के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# तिरंगा यात्रा में शामिल हुई राज्यमंत्री, हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने की अपील

उन्नाव । बुधवार को राज्यमंत्री के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई। राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने हरी झंडी दिखाकर बाइक तिरंगा यात्रा को रवाना किया। तिरंगा यात्रा में युवा देशभक्ति गानों की धुन पर जमकर थिरके। इस दौरान राज्यमंत्री ने जनमानस से 15 अगस्त के दिन घर पर तिरंगा फहराने की अपील की। कहा कि देश में इस अभियान को पर्व के रूप में मनाया जा रहा है। आप सभी बढ़–चढ़कर हिस्सा लें। यूपी सरकार में राज्यमंत्री रजनी तिवारी उन्नाव बीजेपी जिला इकाई की ओर से आयोजित बाइक तिरंगा यात्रा में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुईं। राज्यमंत्री का जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार ने स्वागत किया। इसके बाद नार्मल स्कूल मैदान से हरी झंडी दिखाकर तिरंगा यात्रा को रवाना किया गया।

सदर विधायक पंकज गुप्ता व जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह के नेतृत्व में युवाओं ने बढ़–चढ़कर लिया हिस्सा। यात्रा में विधायक अनिल सिंह, विधायक बम्बालाल दिवाकर, विधायक श्रीकांत कटियार मौजूद रहे ।



# फौजी भाइयों को रक्षा सूत्र बाधकर देश की सुरक्षा का लिया आश्वासन ओम जन संस्थान की टीम ने

कानपुर अपना घर छोड़कर देश की सेवा में जुटे फौजी भाइयों को आज ओम जन सेवा संस्थान कानपुर की अध्यक्षा शिव देवी अग्रहरि (सीमा) ने रक्षा सूत्र बाधकर देश की सेवा कर रहे। फौजियों का हौसला बढाने का कार्य किया, अपनी बहनों से हजारो किलोमीटर दूर फौजी भाईयो को पूरे सांस्कृतिक तरीके से रक्षा तिलक लगा, मिठाई खिलाया व राखी बाधकर देश की सेवा का संकल्प लिया।

हाथों में खूबसूरत राखी देख कर फौजी भाइयों की खुशी का ठिकाना न रहा। इस अवसर पर ओम जन सेवा संस्थान की अध्यक्षा शिव देवी अग्रहरि (सीमा)

ने कहा कि देश की रक्षा के लिए अपने प्राण की परवाह न करने वाले ऐसे फौजी सैनिकों को राखी बाधकर लम्बी उम्र




की कामना किया। तिलक लगाकर, राखी बांधी मिठाई खिलाई फौजी भाइयों को उत्साहित करने का कार्य किया, हमारी टीम के मन में अजीब उत्साह दिखाई पड़ रहा था।

इस समारोह मे प्रमुख रूप से 55 बटालियन के श्रीमान कर्नल समीर कौशिक जी ने कहा कि हम सबको गर्व महसूस हो रहा है जो आपकी संस्था ने हम फौजी भाइयों के लिए यह कार्य करने की सोचा हमारे फौजी भाई आप की संस्था के उज्जवल भविष्य की कामना करते है व आप की संस्था ने फौजियों के लिए इतने अच्छे विचार आये हमें गर्व महसूस हो रहा है।

प्रमुख रूप से उपस्थित रहे ओम जन सेवा संस्थान की संस्थापिका/अध्यक्षा शिव देवी अग्रहरि (सीमा), कर्नल समीर कौशिक, लेफ्टिनेंट कर्नल सुल्तान सिह, सब मेजर अशोक सिह,पूजा सिंह पूनम ,आरती व एनसीसी कैडेट आदि लोग मौजूद रहे।

# डीएम ने की सरकारी योजनाओं की समीक्षा, कमियां मिलने पर जताई नाराजगी

उन्नाव । पन्नालाल हॉल में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक हुई। इसमें प्रमुख रूप से जनपद रैकिंग, डैशबोर्ड, आरसीएच एवं अनमोल जैसे महत्वपूर्ण योजनाओं की प्रगति पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे ने जननी सुरक्षा योजना, परिवार कल्याण, कम्युनिटी प्रोसेस, आयुष्मान, एनयूएचएम, आरआई, क्वालिटी एश्योरेंस, एनएमएचपी, आईडीएस जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सत्य प्रकाश को निर्देश दिया कि जिन कार्यक्रमों के नोडल अधिकारी लक्ष्य के सापेक्ष पूर्ति करने में लापरवाही बरत रहे है। उनकी बैठक करके लक्ष्य के सापेक्ष पूर्ति करना समय से सुनिश्चित कराए। बैठक के दौरान डीएम ने नाराजगी जाहिर की। कहा, षजिन पीएचसी/सीएससी में मानक के अनुरूप कार्य नहीं हो रहा है। अभियान के तौर पर कार्य पूरा कराया जाए। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान कई स्वास्थ्य केन्द्रों पर स्थित सही न पाये जाने पर निर्देश दिये कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री और आशाओं को विशेष निर्देश दे कर लक्ष्य पूरा कराया जाए । कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए स्वास्थ्य टीम रोस्टर बनाकर आंगनबाड़ी केन्द्रों पर जाएं।

आशा चयन के संबंध में बताया गया कि ग्राम स्वास्थ्य




स्वच्छता एवं पोषण समिति की खुली बैठक के माध्यम से कार्रवाई की जाए। बैठक के दौरान प्रस्तुत किये गए प्रस्ताव पर विस्तार से चर्चा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि कोई भी कार्य बगैर शासना देश का उल्लेख किए बिना न किया जाए। पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य किया जाए।

# 'वीर तुम बढ़े चलो, धीर तुम बढ़े चलो नारों के साथ संध्या वर्मा व उनके पति सुरेश कुमार कोरी ने निकाली तिरगा यात्रा रिक्शा रैली'

'हमीरपुर'– आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत श्हर घर तिरंगाश्अभियान को सफल बनाने के उद्देशय से तिरंगा रैली भाजपा जिलाध्यक्ष ब्रजकिशोर गुप्ता के दिशा निर्देश पर अनुसूचित मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष संध्या वर्मा व उनके पति डा.सुरेश कुमार कोरी ने विशाल रिक्शा रैली निकली! रिक्शा तिरंगा रैली में संध्या वर्मा व उनके पति डॉ सुरेश कुमार कोरी ने तिरंगा लेकर प्रतिभाग किया तथा शहर वासियों को इस अभियान के बारे में जागरूक किया ! संध्या वर्मा व डॉ.सुरेश कुमार कोरी ने हर घर तिरंगा जन जागरूकता रिक्शा रैली के अवसर पर कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा कार्यक्रम को गांव व शहर के प्रत्येक घरों पर मनाए जाने हेतु लोगों को जागरूक करने तथा इस कार्यक्रम में जन सहभागिता सुनिश्चित कराए जाने के उद्देश्य से यह रिक्शा रैली निकाली जा रही है! उन्होंने जनपद वासियों से अपील करते हुए कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 11 से 17 अगस्त तक स्वतंत्रता सप्ताह मनाया जा रहा है! इसके क्रम में आने वाली 13 अगस्त से 15 अगस्त 2022 तक अपने घरों व भवनों में अनिवार्य रूप से तिरंगा झंडा फहराकर हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग प्रदान करें तथा आजादी के 76 वीं वर्षगाठ को हर्षोल्लास के साथ मनाएं ! तिरंगा रिक्शा रैली में आजादी के गीत एवं अमर शहीदों के बलिदान से संबंधित गीत गाए जा रहे थे! देशभक्ति के गीतों की धुन पर लोग भारत माता की जय घोष के नारे लगा रहे थे !यह रैली मुख्यालय के वार्ड नं 14 डिग्गी से रवाना की की गई और फूला रानी,रेमेडी, विद्यामंदिर रोड, किंग रोड, नौबस्ता,कालपी चौराहा, हाथी दरवाजा होते हुये महिला थाने के पास मुख्य अतिथि राज्य मंत्री मनोहर लाल पंथ (मन्नू कोरी ) जिलाध्यक्ष ब्रजकिशोर गुप्ता,विधायक सदर मनोज प्रजापति की अगुवाई में भारतीय जनता पार्टी द्वारा तिरंगा रैली लिकाली गई जिसमें महिला थाने के पास उस रैली में शामिल हुये और वहा से बस स्टैंड, किंग रोड,सुभाष बाजार, रमेडी होते हुये भारतीय जनता पार्टी कार्यालय के पास समापन हुआ रैली में भारतीय जनता पार्टी के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुये!